अत्यावश्यक
ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4870/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**आनन्द शर्मा,** भा०प्र०से०
निदेशक

सेवा में,

**प्रधान सचिव,**
जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक: 04/4/2025

**विषय :– पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने के संबंध में।**

**प्रसंग :– जिला पदाधिकारी, भोजपुर का पत्रांक–632 दिनांक–22.02.2025 एवं जिला पदाधिकारी, भागलपुर का पत्रांक–655 दिनांक–10.03.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं भागलपुर द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने के संबंध में अनुरोध किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र०सं० | जिला | प्रखंड | पंचायत | मौजा | खाता सं० | खेसरा सं० | प्रस्तावित रकवा | जिला पदाधिकारी का पत्रांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भागलपुर | कहलगाँव | ओगरी | खुटहरी | 04 | 125<br>126 | 27.335/<br>22.665 डी० | 655/<br>10.03.2025 |
| 2. | भोजपुर | अगिआँव | डिलिया | डिलिया | 624 | 1433 | 34 डी० | 632/<br>22.02.2025 |
| 3. | भोजपुर | कोईलवर | भदवर | बहियारा | 339 | 1147 | 33 डी० | 632/<br>22.02.2025 |

ज्ञातव्य हो कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि चयन के बिन्दु पर मुख्य सचिव, बिहार का पत्रांक–281 दिनांक–08.01.2024 की कंडिका–(ii) में उल्लेखित है कि "यदि गैरमजरूआ आम या गैरमजरूआ खास जमीन उपलब्ध न हो तो अन्य सरकारी विभागों की उन पंचायतों में उपलब्ध भूमि को चिह्नित कर भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई की जाए।"

उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–359(6)/रा० दिनांक–19.05.2014 तथा पत्रांक–82(6)/रा० दिनांक–23.01.2015 में प्रावधानित है कि राज्य सरकार के विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 03 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि अंतर्विभागीय निःशुल्क हस्तांतरण के पूर्व भू–स्वामित्व रखने वाले विभाग (सरकारी विभाग) से सहमति प्राप्त होने के उपरान्त समाहर्त्ता स्तर से निःशुल्क हस्तांतरण किया जा सकेगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–04.02.2025 को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति से संबंधित बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक–2459 दिनांक–11.02.2025 के कंडिका 2 I (g) के माध्यम से निदेशित किया गया है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु अन्तर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के मामले में जिला पदाधिकारी अपने स्तर से भूमि हस्तांतरण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराते हुए विभाग स्तर से हस्तांतरण की कार्रवाई हेतु पंचायती राज विभाग को प्रतिवेदित करेंगे ताकि संबंधित विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से समन्वय स्थापित कर विभागीय भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई की जाएगी।

अतएव प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति देने के बिन्दु पर अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक**–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4870 पं०रा० पटना, दिनांक 04/4/2025**
प्रतिलिपि:– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4870 पं०रा० पटना, दिनांक 4/4/2025**
प्रतिलिपि:– जिला पदाधिकारी/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, भागलपुर एवं भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4870 पं०रा० पटना, दिनांक 4/4/2025**
प्रतिलिपि:– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–19/2022 (खण्ड)/4870 पं०रा० पटना, दिनांक 4/4/2025**
प्रतिलिपि:– आई०टी०मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(आनन्द शर्मा) 02/04/25
निदेशक

# भागलपुर समाहरणालय

(जिला पंचायत राज कार्यालय, भागलपुर)

E-mail ID- panchyatiraj.bgp.bih@gmail.com

बिहार सरकार

पत्रांक :- 655 / पं०रा०

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
भागलपुर।

सेवा में,

सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

सचिव
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
ई-ऑफिस डायरी सं0 3836583
तिथि 17-03-2025

भागलपुर, दिनांकः- 10.03.25

विषयः- पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्थल से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्थल का चयन किया गया था। निम्न स्थलों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र अप्राप्त होने के कारण निर्माण कार्य लंबित है। इसकी विवरणी निम्नवत् है-

| क्र0 | अनुमंडल | प्रखंड | पंचायत | स्थल का विवरण | | | | | | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मौजा | थाना नं0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकवा ए0 / डी0 | | |
| 1 | सदर | नाथनगर | नुरपुर | करैला | 317 | 64 | 11 | 0.50 | | धार्मिक न्यास बोर्ड, |
| 2 | कहलगाँव | कहलगाँव | ओगरी | खुटहरी | 528 | 4 | 125, 126 | 27.335 / 22.665 | | गंगा पम्प नहर / सिचाई विभाग |
| | | | सलेमपुर सैनी | जोल्हारायानपुर | 285 | 142 | 177 | 0.50 | | शिक्षा विभाग |

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि वर्णित स्थलों का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

अनुलग्नकः-यथोक्त।

विश्वासभाजन

जिला पदाधिकारी
भागलपुर।

# भोजपुर समाहरणालय, आरा।

(पंचायत प्रशाखा)

E-mail : dpro-bj-bih@nic.in

पत्रांक 632 /जि०प०, दिनांक 22 / 02 / 2025

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।

सेवा में,

संयुक्त सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– भोजपुर जिला में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अवशेष 13 ग्राम पंचायतों में से 04 ग्राम पंचायतों के लिए चयनित भूमि से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि भोजपुर जिला अंतर्गत पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अवशेष 13 ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित अंचलाधिकारियों को निदेशित किया गया है। उक्त निदेश के आलोक में अंचलाधिकारी, अगिआँव द्वारा ग्राम पंचायत–डिलियाँ एवं अंचलाधिकारी, कोईलवर द्वारा ग्राम पंचायत–भदवर में सिंचाई विभाग की भूमि के अंतर्विभागीय हस्तांतरण एवं अंचलाधिकारी, अगिआँव द्वारा ग्राम पंचायत–खोपिरा एवं अंचलाधिकारी, बिहियाँ द्वारा ग्राम पंचायत–कल्याणपुर में अनावाद बिहार सरकार जमीन के हस्तांतरण का प्रस्ताव दिया गया है। अंचलाधिकारी, अगिआँव एवं कोईलवर से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में जिला राजस्व शाखा, भोजपुर के पत्रांक–869 / रा0, दिनांक–20.02.2025 द्वारा अंचल अगिआँव के ग्राम पंचायत–डिलियाँ एवं पत्रांक–788 / रा0, दिनांक–14.02.2025 द्वारा अंचल कोईलवर के ग्राम पंचायत–भदवर में प्रस्तावित भूमि के अंतर्विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति हेतु प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया है। साथ ही, जिला राजस्व शाखा, भोजपुर के पत्रांक–870 / रा0, दिनांक–20.02.2025 द्वारा अंचल अगिआँव के ग्राम पंचायत–खोपिरा एवं पत्रांक–895 / रा0, दिनांक–21.02.2025 द्वारा अंचल बिहियाँ के ग्राम पंचायत–कल्याणपुर में प्रस्तावित भूमि के हस्तांतरण की स्वीकृति देते हुए महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना को सूचित कर दिया गया है।

ऐसी स्थिति में उपरोक्त 04 प्रस्ताव से संबंधित भेजे गये प्रतिवेदन एवं इसके विवरणी की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि जिला राजस्व शाखा, भोजपुर के पत्रांक–869 / रा0, दिनांक–20.02.2025 द्वारा अंचल अगिआँव के ग्राम पंचायत–डिलियाँ एवं पत्रांक–788 / रा0, दिनांक–14.02.2025 द्वारा अंचल कोईलवर के ग्राम पंचायत–भदवर में प्रस्तावित भूमि के अंतर्विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति हेतु प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना से अपने स्तर से भी अनुरोध करने की कृपा की जाय। साथ ही, भोजपुर जिला में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अवशेष भूमि की सूची से उक्त 04 ग्राम पंचायतों का नाम विलोपित किया जाय।

अनुलग्नक :–यथोक्त।

विश्वासभाजन

22/2/2025

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।

संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग
936
27 FEB 2025
बिहार, पटना

758

पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अवशेष ग्राम पंचायतों की सूची जिसमें भूमि का चयन हो चुका है।

विहित प्रपत्र–II

| क्र0 सं0 | प्रखंड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | अवशेष लक्ष्य के विरूद्ध चिन्हित भूमि | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मौजा का नाम | थाना नं0 | खाता संख्या | खेसरा सं0 | रकवा | भूमि का किस्म | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अगिआँव | डिलिया | डिलिया | 303 | 624 | 1433 | 34 डी0 | सिंचाई विभाग, बिहार सरकार किस्म–नहर | जिला राजस्व प्रशाखा, भोजपुर के पत्रांक–869/रा0, दिनांक–20.02.2025 द्वारा भूमि के हस्तांतरण हेतु सहमति प्रदान करने के लिए प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया है। |
| 2 | कोईलवर | भदवर | बहियारा | 153 | 339 | 1147 | 33 डी0 | पुरानी परती सिंचाई विभाग, बिहार सरकार | जिला राजस्व प्रशाखा, भोजपुर के पत्रांक–788/रा0, दिनांक–14.02.2025 द्वारा भूमि के हस्तांतरण हेतु सहमति प्रदान करने के लिए प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया है। |
| 3 | अगिआँव | खोपीरा | नरौनी | 408 | 187 | 1150 | 50 डी0 | पुरानी परती अनाबाद सर्व साधारण | जिला राजस्व प्रशाखा, भोजपुर के पत्रांक–870/रा0, दिनांक–20.02.2025 द्वारा भूमि का हस्तांतरण पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु करते हुए महालेखाकार (ले0 एवं ह0) बिहार, पटना को सूचित कर दिया गया है। |
| 4 | बिहियाँ | कल्याणपुर | कल्याणपुर | 87 | 734 | 2574<br>2575<br>2576 | 19 डी0<br>12 डी0<br>11 डी0<br>कुल–42 डी0 | भीठ–2<br>पुरानी परती<br>पुरानी परती<br>अनावाद बिहार सरकार | जिला राजस्व प्रशाखा, भोजपुर के पत्रांक–895/रा0, दिनांक–21.02.2025 द्वारा भूमि का हस्तांतरण पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु करते हुए महालेखाकार (ले0 एवं ह0) बिहार, पटना को सूचित कर दिया गया है। |

ह0/- 22.02.2025

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।

(757)

# भोजपुर समाहरणालय (राजस्व प्रशाखा) आरा ।

पत्रांक......869......./रा0

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
भोजपुर, आरा।

सेवा में

प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग,
बिहार पटना।

आरा,दिनांक:-20/02/2025

विषय:- पंचायत सरकार भवन निर्माण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रखंड अगिआंव के ग्राम पंचायत-डिलियाँ में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु मौजा-डिलिया, थाना नं0-303, खाता सं0-624, खेसरा सं0-1433, रकबा-0.85 एकड़, जो सिचाई विभाग, बिहार सरकार किस्म नहर के रूप में खतियान में दर्ज है, में से 34 डी0 भूमि का चयन किया गया है। प्रस्तावित भूमि खतियान में सिचाई विभाग, बिहार सरकार करके दर्ज है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के ज्ञापांक 359 (6)/रा0 दिनांक 19.05.2014 की कंडिका "घ" के आलोक में प्रस्तावित भूमि के हस्तांतरण हेतु भवदीय की सहमति आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि ग्राम पंचायत-डिलियाँ में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण की सहमति प्रदान करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह0/- 20/02/2025
समाहर्त्ता,
भोजपुर आरा।

# भोजपुर समाहरणालय (राजस्व प्रशाखा) आरा ।

पत्रांक...................../रा0

प्रेषक ,

समाहर्त्ता,
भोजपुर, आरा।

सेवा में

प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग,
बिहार पटना।

आरा,दिनांकः–.....................2025

विषयः– पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कोईलवर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत भदवर में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु मौजा–बहियारा, थाना नं0–153, खाता सं0–339, खेसरा–1147, रकबा–2.24 एकड़, सिचाई विभाग, बिहार सरकार जिसमें से 33 डी0 भूमि का चयन किया गया है, प्रस्तावित भूमि खतियान में सिचाई विभाग, बिहार सरकार करके दर्ज है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के ज्ञापांक 359 (6)/रा0 दिनांक 19.05.2014 की कडिका "घ" के आलोक में प्रस्तावित भूमि के हस्तांतरण हेतु भवदीय की सहमति आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण की सहमति प्रदान करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0

समाहर्त्ता,
भोजपुर आरा।

ज्ञापांक.....188........./रा0 दिनांक 14.2.25......

प्रतिलिपि :– जिला पंचायत राज पदाधिकारी, भोजपुर आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/2/2025

समाहर्त्ता,
भोजपुर आरा।

755

# भोजपुर समाहरणालय, आरा

(राजस्व प्रशाखा)

पत्रांक........../ रा०

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
भोजपुर, आरा

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना

द्वारा वित्त विभाग

दिनांक..............

विषयः— अंचल अगिऑंव अन्तर्गत मौजा नरौनी, थाना नं०408 खाता 187, खेसरा 1150, रकबा 50 डी० भूमि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क स्थायी हस्तांतरण के संबंध में।

आदेश — स्वीकृत

1. स्वीकृति इस शर्त्तो के साथ दी गई है कि जिस प्रयोजन हेतु भूमि का हस्तांतरण किया गया है, उसका उपयोग नहीं रह जाने पर भूमि स्वतः राजस्व विभाग को वापस लौट जाएगी।
2. अन्य शर्त्ते खासमहाल मैनुअल के प्रावधानो एवं समय—समय पर निर्गत प्रावधानों के अनुसार प्रभावी रहेगी।

विश्वासभाजन

ह०
समाहर्त्ता
भोजपुर, आरा

ज्ञापांक 510 / रा० दिनांक 20/02/25

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः— आयुक्त, पटना प्रमण्डल, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः— जिला पंचायत राज पदाधिकारी, भोजपुर, आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर आरा/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— अंचलाधिकारी, अगिऑंव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 20/2/2025
समाहर्त्ता
भोजपुर, आरा

754

# भोजपुर समाहरणालय (राजस्व प्रशाखा) आरा।

पत्रांक........../रा0 आरा,दिनांकः—..................

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
भोजपुर, आरा।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0एवं ह0) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

21/02

द्वारा:— वित्त विभाग

विषयः— अंचल—बिहियॉ अन्तर्गत मौजा—कल्याणपुर, थाना नं0—87, खाता सं0—734, ,खेसरा नं0—2574, 2575 एवं 2576, रकबा क्रमशः—0.19 डी0, 0.12 डी0, 0.11 डी0 कुल—42 डी0 पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि पंचायत राज विभाग, बिहार पटना को निःशुल्क स्थायी हस्तांतरण के संबंध में।

आदेशः— स्वीकृत

1. स्वीकृति इस शर्तो के साथ दी गई है कि जिस प्रयोजन हेतु भूमि का हस्तांतरण किया गया है उसका उपयोग नहीं रह जाने पर भूमि स्वतः राजस्व विभाग को वापस लौट जायेगी।

2. अन्य शर्ते खासमहाल मेनुअल के प्रावधनों एवं समय—समय पर निर्गत प्रावधानों के अनुसार प्रभावी रहेगी।

विश्वासभाजन

ह0

समाहर्त्ता
भोजपुर आरा।

ज्ञापांक 895 /रा0, दिनांक 21-2-25

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि :— अपर मुख्य सचिव, पंचायत राज विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि :— आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि :— जिला पंचायत राज पदाधिकारी, भोजपुर आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर/अंचलाधिकारी, बिहियॉ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/2/2025

समाहर्त्ता
भोजपुर आरा।